an>

Title: Need to stop corruption in disbursing money under Mudra scheme and streamline this scheme.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): उपाध्यक्ष महोदय, देश में लगभग 6 करोड़ लोग बेरोजगार हैं, जो बहुत ही छोटे तबके का रोजगार करते हुए अपना जीवन यापन करते हैं। मुद्रा योजना हमारी प्रधान मंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है। देश में किशोर, व्यस्क आदि सभी को रोजगार मिले और वह सुचारू रूप से अपना जीवन यापन कर सके, ऐसी यह योजना है। लेकिन आज मेरे संसदीय क्षेत्र में बार-बार बैंकों में लीड बैंक का एक अधिकारी तय होने के बाद मुद्रा योजना लोगों तक न पहुंचकर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। वहां पर व्यक्ति को 50 परसेंट राशि देने के बाद ही धनराशि उपलब्ध करायी जाती है - चाहे वह 50 हजार रुपये हो या 5 लाख रुपये हो।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि हमारी मुद्रा योजना सुचारू रूप से चले, उसके लिए क्या वे बैंकों को कोई निर्देश देंगे, ताकि वे भ्रष्टाचार से मुक्त हो सकें और लाभार्थियों को उस योजना का लाभ मिल सके।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Keshav Prasad Maurya, Shri Bhairon Prasad Mishra and Dr. Manoj Rajoria are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Krishna Raj.